/—

स्मोल

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/प्रांगण सम्पदा/2021-22/विविध/46/6961 भोपाल दिनांक 12/01/2022

परिपत्र

कृषि उपज मण्डी समितियों से सक्षम अनुमोदन हेतु ले-आउट, तौलकांटे संस्थापना एवं अन्य पोस्ट हार्वेस्ट निर्माण, प्रोजेक्टस से संबंधित अधोसंरचनाओं के प्रस्ताव सीधे प्रांगण सम्पदा शाखा में प्रेषित किए जा रहे हैं, की सक्षम अनुमोदन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :-

01. मण्डी सचिव व उपयंत्री द्वारा सहायक यंत्री के सहयोग से कुल उपलब्ध भूमि का कृषि विपणन के प्रयोजन हेतु आवश्यक विषयों एवं सभी मदों में उपयोग के युक्तिसंगत बंटवारे का प्रस्ताव तैयार किया जाकर कृषि उपज मण्डी समिति को प्रस्ताव प्रस्तुत कर ठहराव कराया जावेगा।

02. तदुपरांत कार्यपालन यंत्री, तकनीकी संभाग व संयुक्त संचालक, आंचलिक कार्यालय द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से बिंदुबार क्षेत्र निर्धारण उपयोग हेतु आधार सहित अनुशंसित कर अभिलेख प्रमाण सहित पूर्ण प्रस्ताव बोर्ड मुख्यालय अधीक्षण यंत्री के पास भेजा जाएगा।

03. अधीक्षण यंत्री, निर्माण शाखा द्वारा प्राप्त प्रस्ताव का बोर्ड के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप परीक्षण कर, उपयुक्त होने पर अपने अभिमत, आधार सहित प्रस्ताव अपर संचालक (प्रांगण/सम्पदा) को प्रेषित किया जाएगा।

04. अपर संचालक प्रांगण/सम्पदा द्वारा शाखा से परीक्षण कराकर, बोर्ड की नीति अनुरूप प्रस्ताव होने पर प्रबंध संचालक को अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया जावेगा।

05. प्रबंध संचालक के अनुमोदन उपरान्त संबंधित कृषि उपज मण्डी समिति में पुनः अवलोकन अनुमोदन जैसी भी वैधानिक आवश्यकता हो प्रस्ताव प्रस्तुत कर लागू किया जाएगा।

(विकास नरवाल)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/प्रांगण सम्पदा/2021-22/विविध/46/69/62 भोपाल दिनांक 12 /01/2022

प्रतिलिपि:-

01. निज सहायक प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

02. अपर संचालक (समस्त), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।

03. अधीक्षण यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्याल, भोपाल।

04. संयुक्त संचालक/उप संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय/आंचलिक कार्यालय, ... (समस्त)

05. कार्यपालन यंत्री, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय/तकनीकी कार्यालय, ... (समस्त)

06. भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति ....(समस्त) ज़िला...................

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल